उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## मंगलवार, 23 आषाढ़, शक संवत्, 1931
( दिनांक : 14 जुलाई, 2009 )

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. अल्पसूचित प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)।

2. अन्य प्रश्न (देखिए नत्थी **"ख"** तथा **"ग"**)।

3. निधन के निदेश।

4. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

5. श्री गोपाल सिंह रावत, सदस्य विधान सभा, "जनपद उत्तरकाशी में मनेरी एवं जोशियाड़ा जलाशय को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किये जाने के संबंध में" श्री नागेन्द्र सिंह चौहान, निवासी ग्राम जामक पो0 मनेरी तहसील भटवाड़ी एवं अन्य निवासीगण, जनपद उत्तरकाशी द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

6. श्री गोपाल सिंह रावत, सदस्य विधान सभा, "जनपद उत्तरकाशी में नाकुरी-धर्मशाला-खोड़-फलाचा-नन्दगांव-गंगनाणी मोटर मार्ग निमार्ण के संबंध में" श्री लोकेन्द्र सिंह बिष्ट, निवासी ग्राम मांगलीसेरा पो0 न्यू वरसाली एवं अन्य निवासीगण, जनपद उत्तरकाशी द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

7. श्री प्रेमानन्द महाजन, सदस्य विधान सभा, "जनपद ऊधमसिंह नगर के विकास खण्ड गदरपुर के ग्राम पंचायत कोपा में स्थित मझरा कोपा बसन्ता, कोपा मुनस्यारी खत्ता, नगलटिया खत्ता मझरे में उच्च शिक्षा के लिए मुनस्यारी में एक उच्चतर माध्यमिक स्कूल खुलवाने के संबंध में" श्री गोविन्द शाह, निवासी ग्राम कोपा लालसिंह, पो0ओ0 गूलरभोज, तहसील गदरपुर एवं अन्य निवासीगण, जनपद ऊधमसिंह नगर द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

8. श्री प्रेमानन्द महाजन, सदस्य विधान सभा, "जनपद ऊधमसिंह नगर के ग्राम पंचायत खटोला, विकास खण्ड गदरपुर के ग्राम राधाकान्तपुर में विद्युतीकरण के समय लगाये गये 25 के0वी0 के ट्रांसफार्मर के स्थान पर उच्च क्षमता के ट्रांसफार्मर लगाये जाने के संबंध में" श्रीमती सुरबाला मण्डल, निवासी ग्राम प्रधान खटोला, विकास खण्ड गदरपुर एवं अन्य निवासीगण, जनपद ऊधमसिंह नगर द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

9. श्री प्रेमानन्द महाजन, सदस्य विधान सभा, "जनपद ऊधमसिंह नगर के विकास खण्ड गदरपुर ग्राम पंचायत कोपा स्थित मझरा कोपा बसन्ता, कोपा मुनस्यारी, कोपा लाल सिंह, न्याप्लाट, सैमलचौड़, कटपुलिया, मुनस्यारी खत्ता, नगलटिया खत्ता मझरे में आने-जाने हेतु हरिपुरा जलाशय डाम में झूलापुल बनाने के संबंध में श्री गोविन्द शाह निवासी ग्राम कोपा लालसिंह, पो0ओ0 गूलरभोज, तहसील गदरपुर एवं अन्य निवासीगण, जनपद ऊधमसिंह नगर द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

10. श्री गणेश जोशी, सदस्य विधान सभा, "जनपद देहरादून के नई बस्ती, लोहारवाला में पीने योग्य पानी हेतु पेयजल लाईन निर्माण के संबंध में" श्रीमती शकुन्तला शर्मा, निवासी नई बस्ती लोहारवाला एवं अन्य निवासीगण, जनपद देहरादून द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

11. श्री गणेश जोशी, सदस्य विधान सभा, "जनपद देहरादून के बिन्दाल नदी तक बहने वाली छोटी बिन्दाल नदी की सफाई व्यवस्था किये जाने के संबंध में" श्री जय प्रकाश, निवासी श्री देव सुमन नगर एवं अन्य निवासीगण, जनपद देहरादून द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

12. श्री अनिल नौटियाल, सदस्य विधान सभा, "जनपद देहरादून के विकास खण्ड रायपुर के अन्तर्गत लोअर नत्थनपुर, एकता इन्क्लेव स्ट्रीट न0-1 की सड़क के चौड़ीकरण के संबंध में" श्री अवतार सिंह नेगी, निवासी एकता इन्क्लेव स्ट्रीट न0-1 एवं अन्य निवासीगण, जनपद देहरादून द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

13. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

14. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

15. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

16. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय विधयक, 2009 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

17. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय विधेयक, 2009 को पुरःस्थापित करेंगे।

18. उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम-315 के खण्ड (22) के अन्तर्गत मा0 अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

(कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी-**"घ"**)

19. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

20. संसदीय कार्य मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड परा चिकित्सा परिषद विधेयक, 2009 पर विचार किया जाय **(एक घण्टा)**।

21. संसदीय कार्य मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड परा चिकित्सा परिषद विधेयक, 2009 पारित किया जाय।

22. संसदीय कार्य मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि पैट्रोलियम एवं ऊर्जा अध्ययन विश्वविद्यालय अधिनियम, 2003 (संशोधन) विधेयक, 2009 जो उत्तराखण्ड विधान सभा द्वारा दिनांक 27 फरवरी, 2009 को पारित किया गया और जो ''भारत का संविधान'' के अनुच्छेद 200 के प्रथम परन्तुक के अन्तर्गत श्री राज्यपाल द्वारा विधान सभा के पुनर्विचार हेतु वापस प्राप्त हुआ है, पर विचार किया जाय **(10 मिनट)**।

23. संसदीय कार्य मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि पैट्रोलियम एवं ऊर्जा अध्ययन विश्वविद्यालय अधिनियम, 2003 (संशोधन) विधेयक, 2009 जो उत्तराखण्ड विधान सभा द्वारा दिनांक 27 फरवरी, 2009 को पारित किया गया और जो ''भारत का संविधान'' के अनुच्छेद 200 के प्रथम परन्तुक के अन्तर्गत श्री राज्यपाल द्वारा विधान सभा के पुनर्विचार हेतु वापस प्राप्त हुआ है, पारित किया जाय।

24. जनपद हरिद्वार के लक्सर क्षेत्र को जंगली जानवरों (जंगली जानवरों, वन रोज आदि) ''प्रभावित क्षेत्र'' घोषित कर, इस परिक्षेत्र में इनको मारे जाने हेतु विशेष नीति गठित करने विषयक दिनांक 17 दिसम्बर, 2008 को पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-12 के सम्बन्ध में कुंवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन' द्वारा दी गई सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत आधे घण्टे की चर्चा।

..........................................................................

**(समय : अपराह्न 04:00 बजे)**।

25. मुख्यमंत्री, वित्तीय वर्ष 2009-10 का आय-व्ययक प्रस्तुत करेंगे।

26. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

**आज्ञा से,**

**देहरादून :**
**दिनांक : 14 जुलाई, 2009**

**(महेश चन्द्र)**
**सचिव।**

# नत्थी "घ"

<u>कार्यमंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 13 जुलाई, 2009 की बैठक में दिनांक 14 जुलाई, 2009 के उपवेशन का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप से रखे जाने की सिफारिश की है:–</u>

जुलाई, 2009

<u>14, (मंगलवार)</u>

1– औपचारिक कार्य।

2– **विधायी कार्य :–**

**(क)**– उत्तराखण्ड परा चिकित्सा परिषद विधेयक, 2009 पर विचार एवं पारण। ( **1 घण्टा** )

**(ख)**– पैट्रोलियम एवं ऊर्जा अध्ययन विश्वविद्यालय अधिनियम, 2003 (संशोधन) विधेयक, 2009 जो कि विधान सभा द्वारा दिनांक 27 फरवरी, 2009 को पारित किया गया और जो "**भारत का संविधान**" के अनुच्छेद 200 के प्रथम परन्तुक के अन्तर्गत श्री राज्यपाल द्वारा विधान सभा के पुनर्विचार हेतु वापस प्राप्त हुआ है, पर विचार एवं पारण । **( 10 मिनट)**

3– वित्तीय वर्ष 2009–10 के आय–व्ययक का प्रस्तुतीकरण। ( **अपराह्न 4:00 बजे** )

द्वितीय सत्र, 2009
का प्रथम मंगलवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## मंगलवार, 23 आषाढ़, शक संवत्, 1931

## ( दिनांक : 14 जुलाई, 2009 )

## नत्थी "क"

## अल्पसूचित प्रश्न

श्री प्रेम चन्द्र अग्रवाल
29.06.2009

उच्च शिक्षा

**. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड इक्फाई विश्वविद्यालय को किन–किन पाठ्यक्रमों को संचालित करने की यू0जी0सी0, ए0आई0टी0सी0, ए0आई0ई0ई0ई0, मानव संसाधन मंत्रालय एवं उत्तराखण्ड सरकार द्वारा मान्यता एवं अनुमति प्राप्त है? इनमें से विश्वविद्यालय किन–किन पाठ्यक्रमों को संचालित कर रहा है? प्रत्येक पाठ्यक्रम का शुल्क एवं शिक्षार्थियों को उपलब्ध की गयी सुविधाएं क्या हैं? विश्वविद्यालय की स्थापना से अब तक कितने शिक्षार्थियों ने विभिन्न पाठ्यक्रमों का लाभ उठाया एवं कितने प्रशिक्षितों को व्यवसाय के अनुरूप रोजगार प्रदान कराया गया? यू0जी0सी0 एवं सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अन्य राज्यों में संचालित पाठ्यक्रमों पर रोक लगा दिये जाने के फलस्वरूप कितने विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हुआ हैं? उच्च शिक्षा मंत्री द्वारा अब तक की गयी कार्यवाही का विवरण क्या हैं?

# नत्थी "ख"

**उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली 2005 के नियम 40 (2) के अन्तर्गत प्रथम मंगलवार हेतु स्थगित तारांकित प्रश्न**

| | | |
|---|---|---|
| श्री ओम गोपाल रावत<br>05.02.2009 | *1. क्या पुनर्गठन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य सरकार के विभागों के विभिन्न संवर्गो में पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश राज्य से अंतिम आवंटन में उत्तर प्रदेश राज्य को विकल्प के आधार पर कुल कितने विकल्पधारी/कनिष्ठतम कार्मिकों को उत्तर प्रदेश के लिए कार्यमुक्त किया जाना था तथा अब तक सभी विभागों में ऐसे कुल कितने कार्मिकों को कार्यमुक्त किया जा चुका है एवं कितने कार्मिक कार्यमुक्त किये जाने शेष है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि अब तक कार्यमुक्त न किये जाने के क्या कारण है तथा क्या सरकार ऐसे कार्मिकों को तत्काल कार्यमुक्त करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **पुनर्गठन** |

# नत्थी ''ग''

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री ओम गोपाल रावत<br>13.04.2009 | *1. क्या पुर्नगठन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पुलिस विभाग के निम्न संवर्गो नागरिक पुलिस, सशस्त्र पुलिस, अभिसूचना विभाग, अभिसूचना/सुरक्षाशाखा–शैडो संवर्ग, अग्निशमन विभाग, सतर्कता विभाग, सी0आई0डी0 विभाग, पी0ए0सी0, चालक संवर्ग, लिपिक/स्टेनो/टाईपिस्ट/मिनिस्ट्रीयल संवर्ग, वायरलैस विभाग में पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश राज्य से अंतिम आबंटन में प्राप्त पदों के सापेक्ष कितने विकल्पधारी/मूल निवासी/कनिष्ठतम कार्मिकों ने उत्तराखण्ड में आगमन कर लिया है तथा पदवार कितने कार्मिक अभी तक उत्तर प्रदेश में शेष है अथवा उत्तराखण्ड के लिए कार्यमुक्त नहीं हुए है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि जो कार्मिक अभी तक उत्तर प्रदेश राज्य में न्यायालय के स्थगनादेश अथवा अन्य कारणों से उत्तराखण्ड में आने के इच्छुक नहीं है उनके सम्बन्ध में भारत सरकार के माध्यम से निर्णय लेकर ऐसे पदों को उत्तराखण्ड में रिक्त घोषित किये जाने पर विचार किया जायेगा और रिक्त पदों को सीधी भर्ती/ पदोन्नति से भरा जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **तृतीय सोमवार के तारा0 2 में स्था0** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>20.04.2009 | *2. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में 108 एम्बुलेन्स सेवा के संचालन में केन्द्र तथा प्रदेश सरकार की क्या भूमिका है तथा इस सेवा के संचालन पर हो रहे व्यय भार का वहन प्रदेश अथवा केन्द्र सरकार द्वारा किस अनुपात से किया जा रहा है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेगे कि अब तक इन सेवाओं के संचालन का विवरण क्या है तथा इन सेवाओं पर अब तक व्यय की गई धनराशि का जनपदवार विवरण क्या हैं? | **स्वास्थ्य** |
| श्री गोपाल सिंह रावत<br>28.05.2009 | *3. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी उत्तरकाशी द्वारा वर्ष 2008–09 में यात्रा मार्गों की स्वच्छता के लिये दिनांक 02.07.2008 को निविदा आमंत्रित की गई थी? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि चार धाम यात्रा को आरम्भ होने के लगभग तीन माह पश्चात् स्वास्थ्य विभाग द्वारा इतनी देरी में यात्रा मार्गों की स्वच्छता व्यवस्था हेतु अस्थाई शौचालय व मूत्रालयों के निर्माण की निविदा आमंत्रित करने का औचित्य क्या था? क्या सरकार इसके लिये दोषियों के विरूद्ध कोई कार्यवाही करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |
| श्री प्रीतम सिंह<br>01.06.2009 | *4. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को निजी क्षेत्र में सौंपने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? यदि हां, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |

# अतारांकित प्रश्न

श्रीमती अमृता रावत
09.04.2009

**1.** क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मंत्री जी के अ0शा0 पत्रांक 1982 दिनांक 11.05.08 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2008–09 के लिए प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र से आमंत्रित रूपये 20 लाख के अन्तर्गत एक अथवा दो अति महत्वपूर्ण योजनाओं के प्रस्तावों पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है और प्रदेश में विधान सभा क्षेत्रवार योजनाओं तथा उनके लिए स्वीकृत धनराशि का विवरण क्या है? क्या यह भी सत्य है कि वर्ष 2007–08 के लिए भी योजनाएं प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है? यदि हां, तो वर्ष 2007–08 के लिए प्रस्तुत योजनाओं में से विधान सभा क्षेत्रवार स्वीकृत योजनाओं एवं धनराशि का विवरण क्या हैं?

**पर्यटन**

श्रीमती अमृता रावत
20.04.2009

**2.** क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मंत्री जी के कार्यालय पत्रांक 1107 दिनांक 31.05.07, पत्रांक 2237 दिनांक 16.07.07, पत्रांक 3029 दिनांक 03.09.07, पत्रांक 3030 दिनांक 03.09.07, पत्रांक 3742 दिनांक 15.10.07, पत्रांक 4459 दिनांक 23.11.07, पत्रांक 519 दिनांक 04.01.08, पत्रांक 1133 दिनांक 12.03.08, पत्रांक 1583 दिनांक 23.04.08, पत्रांक 2627 दिनांक 12.05.08 पत्रांक 3426 दिनांक 22.07.08, पत्रांक 3429 दिनांक 22.07.08, पत्रांक 4113 दिनांक 29.09.08 के द्वारा जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र बीरोखाल के अन्तर्गत जिन मन्दिरों के सौन्दर्यीकरण हेतु अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिए जाने की जानकारी दी गई है, उन मन्दिरों के सौन्दर्यीकरण हेतु शासन द्वारा अब तक की गई कार्यवाही और हुई प्रगति का विवरण क्या है तथा कब तक प्रस्तावित मन्दिरों के सौन्दर्यीकरण हेतु आवश्यक धनराशि स्वीकृत कर दी जायेगी?

**पर्यटन**

श्रीमती अमृता रावत
20.04.2009

**3.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड के पत्र संख्या–महानि0/कैम्प/2008/26256 दिनांक 12 अगस्त, 2008 के द्वारा विकास खण्ड बीरोंखाल, पौड़ी गढ़वाल के ग्राम जिवई में परिवार कल्याण उपकेन्द्र कार्यरत/कियाशील होने की जानकारी दी गई है? यदि हां, तो क्या यह भी सत्य है कि जिवई में अभी तक परिवार कल्याण उपकेन्द्र कार्यरत/क्रियाशील नहीं है? यदि हां, तो गलत सूचना देने के कारण क्या है तथा इसके प्रति कौन उत्तरदायी है? कब तक जिवई में मातृ शिशु एवं परिवार कल्याण उपकेन्द्र की स्थापना कर दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

**स्वास्थ्य**

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>22.04.2009 | **4.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड बीरोंखाल के अन्तर्गत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ललितपुर के भवनों के निर्माण हेतु शासन द्वारा कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है तथा भवनों का निर्माण किस निर्माण इकाई द्वारा कब प्रारम्भ किया गया? वर्तमान में, भवनों के निर्माण की कार्य प्रगति का विवरण क्या है तथा इन भवनों का निर्माण कब तक पूर्ण कर दिया जायेगा? | **स्वास्थ्य** |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>12.05.2009 | **5.** क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कुमांऊ मण्डल विकास निगम और गढ़वाल मण्डल विकास निगम में दैनिक वेतनभोगी एवं संविदा पर कुल कितने कार्मिक कार्यरत् है और उनकी वर्षवार नियुक्ति की स्थिति क्या है? इन कार्मिकों की लम्बी एवं निरन्तर सेवावधि को ध्यान में रखते हुए इनकी स्थायी नियुक्ति हेतु सरकार द्वारा कोई प्रयास किये जा रहे हैं? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | **पर्यटन** |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>22.05.2009 | **6.** क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अल्मोड़ा जनपद के किस विकासखण्ड में स्याल्दे बिखोती मेला का आयोजन किया जाता है और इस मेले के आयोजन हेतु पर्यटन विभाग द्वारा इस वित्तीय वर्ष में कितनी धनराशि अवमुक्त की गयी? यदि नहीं, तो क्यों? | **पर्यटन** |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>25.05.2009 | **7.** क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अल्मोड़ा जनपद के द्वाराहाट विधान सभा क्षेत्र में वर्ष 2006 से अब तक किन–किन मन्दिरों के सौन्दर्यीकरण हेतु कितनी धनराशि आवंटित की गयी और वर्तमान में अन्य ऐसे कितने मन्दिरों के सौन्दर्यीकरण हेतु शासन को प्राक्कलन प्राप्त हुए हैं तथा उनकी अद्यतन स्थिति क्या है? | **पर्यटन** |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>26.05.2009 | **8.** क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के कोसी क्षेत्र के अन्तर्गत कटारमल सूर्य मन्दिर, देश में, कोणार्क मन्दिर के अतिरिक्त एकमात्र दूसरा सूर्य मन्दिर है? यदि हां, तो इसके रखरखाव व पुनर्जीणोद्वार के लिए सरकार द्वारा क्या प्रयास किये गये हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | **पर्यटन** |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>26.05.2009 | **9.** क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार अल्मोड़ा जनपद के द्वाराहाट विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत कुकुछीना से पाण्डखोली मन्दिर तथा द्वाराहाट से दुनागिरी मन्दिर तक पयर्टकों को आकर्षित करने के लिए रोप–वे का निर्माण करने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **पर्यटन** |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>27.05.2009 | **10.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि, अल्मोड़ा जनपद के द्वाराहाट विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्र महाकालेश्वर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने के लिए जिला/निदेशालय स्तर से कोई प्रस्ताव शासन को प्राप्त हुआ है? यदि हां, तो उसकी अद्यतन स्थिति क्या है एवं कब तक उक्त स्वास्थ्य केन्द्र खोल दिया जायेगा? | **स्वास्थ्य** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>27.05.2009 | **11.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि, अल्मोड़ा जनपद के द्वाराहाट विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र–द्वाराहाट एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र–मासी को अपग्रेड करने एवं चिकित्सकों की नियुक्ति पर सरकार विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक, यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |
| श्री गोपाल सिंह रावत<br>28.05.2009 | **12.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी में चिकित्सकों के कुल कितने पद स्वीकृत है तथा स्वीकृत पदों में से कुल कितने पद रिक्त चल रहे हैं? क्या सरकार रिक्त पदों पर नियुक्ति करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>29.05.2009 | **13.** क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद उधमसिंह नगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खटीमा को उच्चीकृत कर 100 (सौ) शय्या का कर दिया गया है तथा भवन निर्माण हेतु बजट स्वीकृत कर दिया गया है? क्या मंत्री जी के संज्ञान में है कि खटीमा राजकीय अस्पताल हेतु राजकीय कृषि फार्म द्वारा 7 (सात) एकड़ भूमि आवंटित कर दी गयी है? यदि हां, तो खटीमा राजकीय अस्पताल के भवन निर्माण का कार्य कब से प्रारम्भ हो जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>29.05.2009 | **14.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खटीमा जनपद ऊधमसिंह नगर में चिकित्सकों के कितने और कौन–कौन से पद सृजित है? क्या सृजित पदों के सापेक्ष चिकित्सकों के समस्त पद भर गये है? यदि हां, तो कब तक? जनहित में क्या सरकार रिक्त पदों पर चिकित्सकों की तैनाती सुनिश्चित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |
| श्री प्रीतम सिंह<br>01.06.2009 | **15.** क्या संस्कृति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि देहरादून के पुराने जिला कारागार में स्वाधीनता आंदोलन के नायक पं0 जवाहर लाल नेहरू से जुड़ी ऐतिहासिक धरोहर को संजोये रखने की जिम्मेदारी किसकी है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेगे कि सभी धरोहर सुरक्षित हैं? यदि नही, तो क्यों? | **द्वितीय सोम के अता0 45 में स्था0** |
| श्री अनिल नौटियाल<br>01.06.2009 | **16.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विधान सभा क्षेत्र कर्णप्रयाग में ट्रामा सेन्टर स्वीकृत को चुका है? यदि हां, तो कब तक निर्माण कार्य शुरू किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>08.06.2009 | **17.** विधान सभा के प्रथम सत्र 2008 के लिए निर्धारित प्रश्नकर्ता के अतारांकित प्रश्न संख्या 05 के उत्तर के संदर्भ में क्या तीर्थाटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र बीरोंखाल के अन्तर्गत आर्य समाज मन्दिर एवं गडरी स्थित प्राचीन शिव मन्दिर से सम्बन्धित आगणन/प्रस्ताव प्राप्त करने की दिशा में अब तक की गई कार्यवाही एवं हुई प्रगति का विवरण क्या है तथा कब तक प्रस्तावित योजनाओं के निर्माण हेतु धन उपलब्ध कर दिया जायेगा? | **तीर्थाटन** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री यशपाल बेनाम<br>09.06.2009 | **18.** क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड में फाटा से केदारनाथ धाम यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं से हेलीकाप्टर सेवा कम्पनियों द्वारा अधिक किराया वसूला जा रहा है? यदि हां, तो सरकार इसे रोकने के क्या प्रयास कर रही हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | **द्वितीय सोम के अता0 46 में स्था0** |
| श्री गणेश जोशी<br>09.06.2009 | **19.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड प्रदेश में कितने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित हैं? क्या मंत्री महोदय यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर विशेषज्ञ चिकित्सक नियुक्त है? क्या मंत्री जी यह भी अवगत करायेंगे कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर क्या–क्या सुविधायें प्रदान किये जाने का प्राविधान है? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>10.06.2009 | **20.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अल्मोड़ा जनपद के द्वाराहाट तहसील के अति–दुर्गम क्षेत्र जालली, दौला, पाली क्षेत्र में 108 सेवा प्रारम्भ कर दी गयी है? यदि हां, तो कब? यदि नहीं, तो उक्त सेवा कब तक प्रारम्भ कर दी जायेगी? | **स्वास्थ्य** |
| श्री यशपाल बेनाम<br>10.06.2009 | **21.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि चमोली जिले के घाट विकास खण्ड में 108 सेवा प्रारम्भ कर दी गयी है? यदि हां, तो कब से? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |
| श्री यशपाल बेनाम<br>11.06.2009 | **22.** क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत पौड़ी में गंगा दर्शन मोड़ से किंकालेश्वर मन्दिर तक स्वीकृत रोप वे के निर्माण की प्रगति क्या है तथा निर्माण कार्य कब तक पूर्ण हो जायेगा? | **पर्यटन** |
| श्री महेन्द्र सिंह माहरा<br>11.06.2009 | **23.** क्या संस्कृति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मुख्यमंत्री जी द्वारा 25 अगस्त, 2006 को धामंद्यो जनपद अल्मोड़ा में शहीद दिवस के अवसर पर जनपद चम्पावत के लोहाघाट में शरदोत्सव संचालन हेतु रू0 5 लाख की घोषणा की गयी थी? यदि हां, तो उक्त संदर्भ में अब तक क्या प्रगति हुई है? क्या घोषित की गयी धनराशि अवमुक्त कर दी गयी है? यदि हां, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | **संस्कृति** |
| श्री राजेश जुवांठा<br>11.06.2009 | **24.** **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।** | **स्वास्थ्य** |
| श्री राजेश जुवांठा<br>11.06.2009 | **25.** क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी अन्तर्गत हरकीदून के विकास के लिऐ सरकार कोई योजना बना रही है? यदि हां, तो कब तक और क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | **पर्यटन** |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>12.06.2009 | **26.** विधान सभा के प्रथम सत्र 2008 के लिए निर्धारित प्रश्नकर्ता के अतारांकित प्रश्न संख्या--06 के उत्तर के संदर्भ में क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पूर्व सरकार के कार्यकाल में मन्दिरों के सौन्दर्यकरण एवं पर्यटन विकास की स्वीकृत योजनाओं के निर्माण हेतु वित्तीय स्वीकृति जारी करने की दिशा में अब तक की गई कार्यवाही एवं उसके परिणामों का विवरण क्या है तथा अब तक किन–किन योजनाओं के निर्माण हेतु वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है? | **द्वितीय मंगलवार तक स्थगित** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>12.06.2009 | **27.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विगत दो वर्षो में प्रदेश के किन–किन विधान सभा क्षेत्रों के किन–किन स्थानों पर नए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, राजकीय एलोपैथिक चिकित्सालयों तथा मातृ शिशु एवं परिवार कल्याण उपकेन्द्रों की स्थापना कब–कब की गई है और इनके नियमित एवं व्यवस्थित संचालन की क्या व्यवस्था की गई हैं? | **स्वास्थ्य** |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>12.06.2009 | **28.** क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि द्वाराहाट जनपद अल्मोड़ा के प्रसिद्ध देवालयों, यथा– विमाण्डेश्वर, दूनागिरी, बद्रीनाथ, केदारनाथ, मृत्युंजय, कालिका देवी, रतनदेव मंदिर समूह, ध्वज, गरूड़, मनियान मंदिर तथा कूकूछीना, पाण्डुखोली आदि धार्मिक ओर पर्यटन स्थलों का एक टूरिस्ट सर्किट बनाने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हां, तो इसकी क्या प्रगति है और कब तक यह टूरिस्ट सर्किट पर्यटकों को उपलब्ध हो जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **पर्यटन** |
| श्री नारायण पाल<br>12.06.2009 | **29.** क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के अन्तर्गत विकास खण्ड ओखलकॉडा में देवगुरू (बृहस्पति) मंदिर व हरीशताल व लोहाखाम दो झीलों के विकास एवं संरक्षण हेतु वर्ष 2006 से अब तक क्या प्रयास किये गये? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त पर्यटन स्थलों तक पर्यटकों के पहुंचने के लिए पहुंच मार्ग बनाया गया? यदि हां, तो कब? | **पर्यटन** |